SHRI SANDESH

SHRIRAM

खंड 19 | अप्रैल 2021

एम. डी. की बात

Dear Friends

भारत कोविड-19 की दूसरी लहर के प्रकोप से गुज़र रहा है। ऐसे में हमें अधिक सावधान और सतर्क रहने की आवश्यकता है। हम अपने सामूहिक प्रयासों से ही इस महामारी पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। वैक्सीन के आने से हम सबको आशा की एक नई किरण मिली है। आइए, इस महामारी पर विजय पाने के लिए हम सभी घर पर रहें और हर तरह से हमारे फ्रंटलाइन वॉरियर्स की मदद करके इस लड़ाई में अपना योगदान दें।

इस समय, सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेन्सिंग) का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण और आवश्यक बन गया है। इसके साथ ही, इस मुश्किल समय में व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करना और सकारात्मक मानसिकता रखना भी बहुत ज़रूरी है।

संकट के इस समय से हमें पर्याप्त बीमा होने का महत्व भी समझ आया है।

बीमा, जीवन का हो या किसी अन्य का, परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में बहुत मददगार साबित होती है। अगर बुद्धिमानी से इसका उपयोग किया जाए, तो यह एक अच्छे निवेश के रूप में भी काम करती है। श्रीराम में हम इस बात को अच्छी तरह समझते हैं और इसलिए हमारे इंश्योरेंस प्लान, आपके मन को पूरी शांति प्रदान करने के विशेष लक्ष्य से तैयार किए गए हैं। भले बीमा किसी के प्रियजन को वापस न ला सके, लेकिन यह निश्चित रूप से इस मुश्किल समय का सामना करने में उनको एक आर्थिक सहारा देगी।

जीवन की सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य की सुरक्षा तक, श्रीराम के पास कई तरह के इंश्योरेंस प्रोडक्ट हैं। जहां श्रीराम के साथ आप सर्वश्रेष्ठ लाइफ इंश्योरेंस प्रोडक्ट प्राप्त कर सकते हैं, वहीं गो -डिजिट के साथ आप हेल्थ इंश्योरेंस का भी लाभ उठा सकते हैं। श्री-होम केयर, व्यक्तिगत पर्सनल एक्सीडेंट और टू एवं फोर-व्हीलर के लिए मोटर इंश्योरेंस के साथ, हम आपकी सभी बीमा संबंधी आवश्यकताओं को एक ही स्थान पर पूरा करते हैं।

हमारा अनुरोध है कि अपने लिए उपयुक्त इंश्योरेंस प्लान खोजने के लिए, अपने श्रीराम एडवाइज़र से संपर्क करें, जो हमेशा आपकी सेवा में तत्पर हैं।

अंत में बस यही कहना चाहूंगा कि, घर पर रहें और सुरक्षित रहें। अगर आप वैक्सीन लेने के पात्र हैं, तो इसे अवश्य लें। आइए हम सब मिलकर इस संक्रमण से लड़ रहे सभी कोविड योद्धाओं के लिए प्रार्थना करें।

एक बार फिर, हम आपको भरोसा देते हैं कि श्रीराम हमेशा आपकी सभी आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आपके साथ बना रहेगा और अपने देश को इस संकट से लड़ने के लिए अपना पूरा योगदान देगा।

हम संक्रमण के खिलाफ इस लड़ाई में ज़रूर विजय पाएंगे।

जय हिंद

उद्योग समाचार और अपडेट



परिवहन मंत्रालय ने स्क्रैपिंग सर्टिफिकेट के बदले में रोड टैक्स पर 25% तक रिआयत देने का प्रस्ताव रखा

परिवहन मंत्रालय ने पर्सनल गाड़ियों के स्क्रैपिंग सर्टिफिकेट के विनिमय में रोड टैक्स पर 25% और कमर्शियल गाड़ियों के लिए 15% रिआयत देने का प्रस्ताव रखा है।

अधिक जानकारी

सड़क सुरक्षा के लिए सरकार राष्ट्रीय बोर्ड गठित करेगी

वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने देश में 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड' स्थापित करने को हरी झंडी दे दी है। यह बोर्ड सड़क पर होनेवाले हादसों और मौतों को कम करने के इरादे से ज़रूरी नीतियाँ बनाने और उनका अनूपालन करने के लिए ज़िम्मेदार रहेगी।

अधिक जानकारी

अशोक लेलैंड ने 4-ऐक्सल का 14 पहियोंवाला ट्रक AVTR 4120 लॉंच किया

हिंदुजा के सबसे प्रख्यात ब्रैंड अशोक लेलैंड ने 4-ऐक्सल का 14 पहियोंवाला ट्रक AVTR 4120 लॉंच किया है जिसकी केपॅसिटी 40.5 टन ग्रॉस वेहिकल वेट है।

अधिक जानकारी

सरकार ने ड्रायविंग लायसेंस और गाड़ी के दस्तावेज़ों की मुद्दत जून 30 तक बढ़ाई

देश-भर में फैले कोविड-19 महामारी के चलते सरकार ने ड्रायविंग लायसेंस (DL), रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (RC) और परमिट जैसे गाड़ी के दस्तावेज़ों की मुद्दत 30 जून, 2021 तक बढ़ा दी है।

अधिक जानकारी

टाटा मोटर्स बिजली पर चलनेवाली छोटी कमर्शियल ई-गाड़ी निकालने के लिए तैयार

बिजली पर चलनेवाली बस और सवारी कार निकालने के बाद गाड़ियाँ बनानेवाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स, जल्द ही ला सकता है अपने छोटे कमर्शियल वाहनों में बिजली पर चलने वाला मॉडल।

अधिक जानकारी

टूरिस्ट गाड़ियों को झटपट परमिट देने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ऑनलाईन स्कीम

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने देश-भर में टूरिस्ट गाड़ियों को झटपट परमिट देने के लिए एक नयी ऑनलाईन स्कीम तैयार की है। 1 अप्रैल से लागू होनेवाली इस स्कीम के तहत कोई भी टूरिस्ट गाड़ी का ऑपरेटर "अखिल भारतीय पर्यटक वाहन प्राधिकरण और परमिट" के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकता है, ऐसा मंत्रालय ने विज्ञप्ति में बताया है।

अधिक जानकारी

टाटा ने लॉंच की अल्ट्रा स्लीक टी.सिरीज़, किमत रु. 13.99 लाख

कमर्शियल गाड़ियों के सबसे बड़े निर्माता टाटा मोटर्स ने 'इंटरमिडीयेट ऐंड लाईट कमर्शियल ट्रक' (I&LCVs) की एक नई श्रेणी लॉंच की है जिसका नाम है 'अल्ट्रा स्लीक टी.सिरीज़।' ये नए ट्रक तीन मॉडेल में उपलब्ध हैं - T.6, T.7 and T.9 - और ये अलग-अलग डेक लेंथ (लंबाई) में उपलब्ध हैं, यानी 10 से लेकर 20 फीट तक, जो विभिन्न कामों के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इनकी किमत क्रमानुसार रु. 13.99 लाख, रु. 15.29 लाख और रु.17.29 लाख रखी गई है। (सारी किमतें एक्स-शोरूम दिल्ली)

अधिक जानकारी

From Loan details to FastTag recharge
Do it all with the MyShriram App

Know more about our products
Quick FASTag recharge
Locate and visit our nearest branch
Get latest news of STFC's offerings
Apply for Pre-Approved loan
Various Payment Options

www.stfc.in | GET IT ON Google Play | Scan QR code to download MyShriram App



You Tube Don't forget to subscribe to our YouTube channel - STFCconnect